घुँघरवाले बाल तेरी ठोड़ी में हीरा लाल

घुँघरवाले बाल तेरी ठोड़ी में हीरा लाल,
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना।
गल वैजयंती माल चले तूं टेडी मेडी चाल,
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना॥

होटों पे मुरली सोहे भक्तों के मन को मोहे
रूप तेरा सांवरे -2
ओ तीखी आदयें तेरी तिरछी निगाहें तेरी
हम हुए बावरे
सोहना सा श्रृंगार श्याम तोहे निरखूँ बारम्बार
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना

घुँघरवाले बाल तेरी ठोड़ी में हीरा लाल
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना

जादू चलाया तूने अपना बनाया तूने
हम तेरे हो गए -2
ओ साँवली सलोनी प्यारी चंचल छवि है न्यारी
चितवन में खो गए
तन मन दूँ मैं वार कन्हैया लेउ नज़र उतार
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना

घुँघरवाले बाल तेरी ठोड़ी में हीरा लाल
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना

फूलों का हार तेरा हर्ष ये श्रृंगार तेरा
नयनों को लुभा गया -2
साँवले दीदार तेरा, अजब है खुमार है तेरा
भक्तों पे छ गया
भूले होश हवाश ओ कान्हा मैं भी बन गया दास
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना

घुँघरवाले बाल तेरी ठोड़ी में हीरा लाल
सांवरे क्या कहना सांवरे क्या कहना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/718/title/ghoongarwale-baal-teri-thodi-mein-hira-lal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |